एक नजर में



### मातृशक्ति के सम्मान से सशक्त होता समाज : सबनानी

**भैरुंदा.** राष्ट्रीय स्वर्णकार विवाह मंच एवं युवक-युवती कल्याण संस्था द्वारा आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ. मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि जिस समाज में मातृशक्ति का सम्मान होता है, वही समाज संस्कार, संगठन और विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है. महिला मोर्चा की अध्यक्ष नीलम सोनी, निशा सोनी, विनीता विकास सोनी सूर्यकांत गुप्ता, महंत अनिलानंद महाराज, चंद्रशेखर तिवारी, विकास सोनी, संरक्षक एसएन सोनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी, धर्मेन्द्र एसजड़िया, बालमुकुंद सोनी, विजय सोनी, दिलीप सोनी, रेखा सोनी, रजनी सोनी अंशिका अमित सोनी ने भी संबोधित किया.



### यूनाइटेड नेशंस में बीवीएम के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**बुदनी.** अतुल्यम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित लक्ष्यार्थ मॉडल यूनाइटेड नेशंस में भारती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. विद्यार्थियों ने विभिन्न समितियों में प्रतिनिधि के रूप में सहभागिता निभाते हुए समसामयिक एवं वैश्विक मुद्दों पर विचार प्रस्तुत किएसमापन समारोह में अतुल्यम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह उपलब्धि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को नई दिशा प्रदान करेगी.



### इस्कॉन व गीता भवन समिति ने निकाली रथ यात्रा

**सीहोर.** गीता मानस भवन से इस्कॉन समिति और गीता मानस समिति द्वारा भगवान जगन्नाथ यात्रा निकाली गई. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित श्रद्धालुओं नेयात्रा मार्ग पर झाडू लेकर साफ-सफाई की .समिति की ओर से प्रदीप बिजौरिया आदि शामिल थे .नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि इस्कॉन समिति एवं गीता भवन समिति द्वारा आयोजित भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में सम्मिलित होकर प्रभु श्री जगन्नाथ, बलभद्र जी एवं माता सुभद्रा जी के दिव्य दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला. यह यात्रा श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति के प्रति हमारी आस्था का अद्भुत प्रतीक है.



### प्रतियोगिताओं में बताए नशे के दुष्परिणाम

**बुधनी.** नशे से दूरी है जरूरी के तहत पुलिस एवं भारतीय विद्या मंदिर स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया. निबंध लेखन में अनन्या पवार ने प्रथम, गार्गी चौहान ने द्वितीय तथा रितेश उपाध्याय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. पोस्टर मेकिंग में शिवम यादव प्रथम, अंशिका बर्गले द्वितीय एवं प्रांशी पटेल तृतीय स्थान पर रहीं. वहीं स्लोगन मेकिंग में वाजिद अली ने प्रथम, आर्यन चौहान ने द्वितीय तथा निमांशु कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया. एसडीओपी रवि शर्मा एवं थाना प्रभारी संदीप जाट ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए कहा कि युवा पीढ़ी यदि नशे से दूर रहे और समाज में जागरूकता फैलाए, तो नशामुक्त समाज का लक्ष्य सहजता से प्राप्त किया जा सकता है.



### वैदिक यज्ञ के साथ आर्य समाज की पुन: स्थापना

**सीहोर.** गल्ला मंडी क्षेत्र में आर्य समाज की पुन: स्थापना की गई. वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन किया गया. उपस्थित वरिष्ठजनों एवं आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों द्वारा आर्य समाज मंदिर का शुभारंभ भी किया गया .यज्ञ के मुख्य यजमान पुरोहित आचार्य संदीप आर्य रहे, जबकि यज्ञ के ब्रह्माचार्य विजय राठौर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया. कार्यक्रम में देवास के आचार्य हरिओम सरल, रमेश वर्मा, रमेश आर्य, अनूप आर्य, श्याम बाबू विश्वकर्मा, आचार्य विजय कुलश्रेष्ठ, डॉ. ब्रजेश झलावा, अजय झलावा, संतोष सिंह आर्य, वीरभान सिंह चौधरी, डॉ. राजमल मनोरिया, सर्वेश आर्य, मधुसूदन त्यागी, अनिल वर्मा, विनोद दिसावरी, गौरव राठौर, ओम सिंह बिजोलिया, अमर सिंह कोरकू, शांति बाई राठौर, सुनीता राठौर, रामकली राठौर, अत्युषी आर्य, सुकृति आर्य, दीपेश आर्य एवं राम सिंह वैद्य आदि ने सहभागिता की.

# मानसून मेहरबान, फसलों को मिला जीवनदान

## 13 दिन की खामोशी के बाद आखिरकार बरसे बादलों ने खरीफ सीजन की फसलों में फूंकी नई जान



**सीहोर.** आखिरकार जिले पर बादल मेहरबान हो उठे, अल सुबह से बारिश जारी रहने से मुर्झा रही फसलों में जान लौट आई है.

- मंगलवार तड़के से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला
- नालियां चौक होने के कारण मेन रोड पर जमा हुआ पानी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 जुलाई. आखिरकार 13 दिनों से रूठा मानसून मंगलवार को जिले पर मेहरबान हो ही गया. तड़के से शुरू हुई झमाझम बारिश का सिलसिला सुबह तक जारी रहा। रुक-रुककर हुई मध्यम से तेज बारिश ने सूखे की चिंता में डूबे किसानों को बड़ी राहत दी. अमृतमयी बारिश से सोयाबीन, मक्का और अन्य खरीफ फसलों में नई जान आ गई, वहीं किसानों के चेहरों पर कई दिनों से छाई चिंता की लकीरें मुस्कान में बदल गई. बारिश से मौसम पूरी तरह बदल गया और लोगों को भीषण गर्मी व उमस से भी राहत मिली.**

बीते 13 दिनों से जिले में बारिश नहीं होने के कारण खेतों की नमी तेजी से खत्म हो रही थी. सोयाबीन सहित खरीफ फसलें मुरझाने लगी थीं और कई किसान दोबारा बुवाई की आशंका से चिंतित थे. मंगलवार की बारिश किसानों के लिए किसी संजीवनी से कम साबित नहीं हुई. सुबह होते ही किसान खेतों का जायजा लेने पहुंचे और फसलों में लौटी ताजगी देखकर राहत की सांस ली. कृषि जानकारों का मानना है कि समय पर हुई बारिश फसलों की बढ़वार और उत्पादन के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी.

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में सक्रिय हुए नए चक्रवाती सिस्टम तथा मध्य भारत के ऊपर गुजर रही मानसून ट्रफ लाइन के कारण प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है. इसके प्रभाव से सीहोर सहित आसपास के जिलों में अगले तीन से चार दिनों तक मध्यम से भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है. कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज बारिश की भी चेतावनी जारी की गई है. जानकारों की मानें तो यदि अगले तीन-चार दिनों तक बारिश का यही क्रम बना रहा तो न केवल खरीफ फसलों को लाभ मिलेगा, जिले के नदी-नालों, तालाबों और जलाशयों का जलस्तर बढ़ेगा, जिससे किसानों और आम लोगों को लंबे समय तक राहत मिलने की उम्मीद है.

### अब तक जिले में 14.75 इंच बारिश दर्ज

भू-अभिलेख विभाग के 21 जुलाई के आंकड़ों के अनुसार जिले में मंगलवार को औसतन 0.45 इंच वर्षा दर्ज की गई. सबसे अधिक 1.42 इंच बारिश श्यामपुर में हुई, जबकि बुधनी में 1.02 इंच, रेहटी में 0.76 इंच, सीहोर शहर में 0.28 इंच और भैरूंदा में 0.12 इंच वर्षा दर्ज की गई. आष्टा, जावर और इछावर में बारिश नगण्य रही. सीजन की शुरुआत यानी 1 जून से अब तक जिले में औसत 14.75 इंच वर्षा दर्ज की जा चुकी है. इसमें आष्टा में 19.76 इंच, जावर में 17.87 इंच, भैरूंदा में 15.43 इंच, रेहटी में 15.36 इंच, इछावर में 14.88 इंच, सीहोर शहर में 13.02 इंच, बुधनी में 12.50 इंच तथा श्यामपुर में 9.15 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई है. हालांकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक जिले में औसतन 17.71 इंच बारिश हो चुकी थी, जबकि जिले की सामान्य वार्षिक औसत वर्षा 45.21 इंच है.

### नालियां चोक होने से सड़कों पर जमा हुआ गंदा पानी

मंगलवार को हुई बारिश ने शहर की जल निकासी व्यवस्था की कमजोरियों को भी उजागर कर दिया. बद्री महल चौराहे के समीप नालियां चोक होने के कारण गंदा पानी दुकानों के सामने जमा हो गया. जलभराव के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा. दुकानदारों ने वर्षों पुरानी इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग दोहराई. उनका कहना है कि हर बारिश में यही स्थिति बनती है. फिर भी इसका स्थायी समाधान किया जाना जरूरी नहीं समझा गया.

### चोर को दबोचा,चार मामलों का खुलासा



**भैरुंदा.** पुलिस ने वाहन चोरी और नकबजनी की वारदातों में फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है. आरोपी की गिरफ्तारी से दो वाहन चोरी और दो नकबजनी सहित कुल चार मामलों का खुलासा हुआ है. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चांदी के आभूषण भी बरामद किए हैं. जानकारी के अनुसार 21 एवं 24 मार्च को अंकित तिवारी और कामिल खां ने अपने घरों में ताला तोड़कर नकदी एवं चांदी के आभूषण चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई. मुखबिर की सूचना पर 19 जुलाई को संदेही मुहास उर्फ मुहाज खान निवासी भैरूंदा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. सख्ती से की गई पूछताछ में उसने दो नकबजनी और दो बाइक चोरी की घटनाएं स्वीकार कर लीं. पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए. जिनकी कीमत लगभग एक लाख रुपए आंकी गई. आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से चारों मामलों में जेल भेज दिया गया.

# अवैध गांजे के साथ तस्कर को दबोचा

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 21 जुलाई.** पुलिस ने एक आरोपी को 3 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से 90 हजार रुपए मूल्य का गांजा जब्त कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है.

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नयागांव निवासी पर्वतनाथ पिता हरिनाथ अपने घर में अवैध गांजा छिपाकर रखता है और उसकी पुड़िया बनाकर बिक्री करता है. मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर दबिश दी तलाशी के दौरान एक कमरे में 3 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा मिला. बरामद गांजे की अनुमानित



कीमत 90 हजार रुपए बताई गई है. पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. कार्रवाई में उपनिरीक्षक पूजा सिंह राजपूत, सहायक उपनिरीक्षक सूरजसिंह सल्लाम, प्रकाश नर्रे, रविन्द्र मेहर, राहुल बघेल तथा सचिन कालेन की भूमिका रही.

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा

- छहघरा के समीप मंगलवार की शाम हुआ लोमहर्षक हादसा
- दोनों मृतक युवा ग्राम पाताल खोह निवासी

नवभारत न्यूज

**बुधनी 21 जुलाई.** छेघरा स्थित ट्राइडेंट फैक्ट्री के समीप मंगलवार की शाम तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक पर सवार दो युवकों को रौंद दिया. दोनों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी. पुलिस ने मर्ग कायम कर ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है.

पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय मृतक अंकित मीना पिता केवल मीना तथा 18 वर्षीय राजा कीर पिता सियाराम दोनों ग्राम पाताल खो के निवासी थे. वह बाइक से बुधनी की ओर आ रहे थे. तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर घायल हो गए. उन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. वहीं दोनों युवक के शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए हैं.

यह हादसा ऐसे मार्ग पर हुआ





है, जहां बुधनी ओवरब्रिज से नर्मदा पुल तक दिनभर भारी वाहनों का दबाव बना रहता है. पूर्व में भी इस मार्ग पर कई गंभीर हादसे हो चुके हैं. नगरवासियों का कहना है कि भारी वाहनों के लिए प्रभावी यातायात प्रबंधन नहीं होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं. पूर्व में नागरिकों ने नगर क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने और नो-एंट्री व्यवस्था को प्रभावी बनाने की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा था.

# गेहूं उपार्जन में गड़बड़ी करने वाले वेयर हाउस होंगे ब्लैकलिस्ट

- बद्रीनाथ वेयरहाउस, गौर वेयर हाउस में मिली थी अनियमितता
- कलेक्टर ने पत्र लिखकर की ब्लैक लिस्ट करने की अनुशंसा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 जुलाई.** समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में गंभीर अनियमितताओं के मामले में कलेक्टर बालागुरु के. ने मप्र वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन को पत्र लिखकर बद्रीनाथ वेयर हाउस (वनखेड़ा-चरनाल) को तीन रबी विपणन वर्षों और गौर वेयर हाउस को एक रबी विपणन वर्ष के लिए ब्लैकलिस्ट करने की अनुशंसा की है. जांच में बिना स्लॉट बुकिंग किसानों से खरीदा गया हजारों बोरी गेहूं अवैध रूप से बद्रीनाथ वेयर हाउस में भंडारित मिला था।

गौरतलब है कि गौर वेयर हाउस व बद्रीनाथ वेयर हाउस एक दूसरे के समीप स्थित हैं .दोनों का संचालक भी एक ही है. पूर्व में अनियमितताओं के कारण बद्रीनाथ वेयर हाउस को इस वर्ष उपार्जन केंद्र नहीं बनाया गया था, लेकिन उसके पास स्थित गौर वेयर हाउस को खरीदी केंद्र की जिम्मेदारी दी गई थी. जांच में सामने आया कि संचालक ने बिना स्लॉट बुकिंग कई किसानों से गेहूं खरीदकर उसे बद्रीनाथ वेयर हाउस में भंडारित कर दिया.

शिकायत प्रशासन तक पहुंचने के बाद रातोंरात बद्रीनाथ वेयर हाउस से गेहूं दूसरी जगह शिफ्ट करने का प्रयास किया गया. इसी दौरान वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन की टीम ने निरीक्षण किया तो उपार्जन केंद्र नहीं होने के बावजूद बद्रीनाथ वेयर हाउस में 5,630 बोरी समर्थन मूल्य का गेहूं मिला. दोनों वेयर हाउस के भौतिक सत्यापन के बाद यह गेहूं तकीपुर स्थित सरकारी वेयर हाउस में स्थानांतरित कराया गया.

प्रशासन का मानना है कि इन अनियमितताओं से उपार्जन व्यवस्था प्रभावित हुई और किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा. प्रशासन ने इसे गंभीर अनियमितता माना और इसी आधार पर दोनों वेयर हाउस को ब्लैकलिस्ट करने की अनुशंसा की गई है. जांच में सामने आया कि जिन किसानों ने शिकायत की थी, उनके स्लॉट खरीदी केंद्र स्थानांतरित होने के बाद के थे, जबकि उनसे गेहूं पहले ही खरीद लिया गया था. इन किसानों में 722 क्विंटल, 465 क्विंटल और 430 क्विंटल सहित बड़ी मात्रा में गेहूं बेचने वाले किसान शामिल थे. बद्रीनाथ वेयर हाउस में मिली 5,630 बोरियां इन्हीं किसानों के गेहूं की थीं, जिन्हें नियमों के विपरीत पहले ही खरीदा और भंडारित कर दिया गया था.

### स्लॉट से पहले खरीद लिया था किसानों से गेहूं

मामले के दौरान कुछ किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और शिकायत की कि उपार्जन केंद्र बदल जाने से उनके गेहूं के बिल नहीं बन पा रहे हैं. किसानों का कहना था कि गौर वेयर हाउस से खरीदी केंद्र न्यू बालाजी वेयर हाउस, पीपलखेड़ा स्थानांतरित होने के कारण भुगतान अटक गया है .मामला सामने आने के बाद 12 जून को बद्रीनाथ और गौर वेयर हाउस के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था. संचालक द्वारा प्रस्तुत जवाब को प्रशासन ने असंतोषजनक माना. प्रशासन ने इसे उपार्जन कार्य के प्रति लापरवाही, स्वेच्छाचारिता तथा शासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना माना था.

### जनसुनवाई में आवेदकों ने सुनाई अपनी पीड़ा

**सीहोर.** मंगलवार को जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिले भर से आए 35 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई में अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना, संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार आदि उपस्थित थे.

### मेथी-धनिया चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**आष्टा.** जिले के थाना पार्वती पुलिस ने सूने मकान से मेथी एवं धनिया के बोरे चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया माल एवं वारदात में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद कर लिया है. जानकारी के अनुसार फरियादी द्वारा थाना पार्वती में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि सूने मकान से अज्ञात चोरों द्वारा मेथी एवं धनिया के बोरे चोरी कर ले गए.जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की. पुलिस ने आरेपी नवाब पिता रमजान खा एवं इरशाद पिता कासम खां निवासी काटा फोड़ जिला देवास को गिरफ्तार किया. पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की घटना करना स्वीकार कर लिया. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए मेथी एवं धनिया के बोरे तथा पिकअप वाहन बरामद कर लिया है .

बैठक | नपा की पीआईसी बैठक में 52 प्रस्ताव सर्व सम्मति से स्वीकृत

# शहर को बनाएंगे सर्वांगीण विकसित शहर : प्रिंस

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 जुलाई.** नगर पालिका की पीआईसी प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल की बैठक नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में शहर के विकास से जुड़े 52 महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वस मति से स्वीकृत किए गए. बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क, खेल एवं जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को हरी झंडी दी गई.

बैठक में वार्ड 2 देवनगर कॉलोनी में सीसी रोड़ निर्माण के लिए 31 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई. इसी प्रकार वार्ड 4 में टाउन हॉल बस स्टैंड के समीप आधुनिक बास्केटबॉल ग्राउंड के निर्माण के लिए 16 लाख 17 हजार रुपए की मंजूरी दी गई, जिससे शहर के युवाओं और खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी. वार्ड 7 में मुरली रोड़ से क्यूलटोली रोड़ होते हुए शासकीय स्कूल तक डामरीकरण कार्य के लिए 39 लाख 60 हजार रुपए स्वीकृत किए गए. वार्ड 21 की अवधपुरी कॉलोनी में शर्मा के घर से पशुपतिनाथ मंदिर होते हुए इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग तक सीसी रोड निर्माण के लिए 16 लाख 70 हजार रुपए की मंजूरी दी गई. वार्ड 34 में जूनियर वाड़ी क्षेत्र में बड़ा मस्जिद से जूनियर वाड़ी डीपी तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 37 लाख 90 हजार रुपए स्वीकृत किए गए. इसके अलावा शहर की आस्था और पर्यटन को ध्यान में रखते हुए सीवन नदी के महिला घाट पर नदी किनारे घाट निर्माण के लिए 29 लाख 64 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई.





नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नपा का उद्देश्य केवल सड़कें बनाना नहीं, बल्कि सीहोर को एक आधुनिक, सुविधायुक्त और सर्वांगीण विकसित शहर बनाना है. उन्होंने कहा बच्चों के लिए बास्केटबॉल ग्राउंड, महिला घाट पर निर्माण तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण इसी संकल्प का हिस्सा है. नपा बिना किसी भेदभाव के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करा रही है और आने वाले समय में भी जनहित के अनेक कार्य तेजी से किए जाएंगे. नगर लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है. नपा का लक्ष्य प्रत्येक वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना और नागरिकों को बेहतर शहरी वातावरण उपलब्ध कराना है. पीआईसी की बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर सिंह, कार्यपालन यंत्री विजय कोहली, अमित यादव, सभापति, पार्षद, इंजीनियर तथा अधिकारी एवं नपा के कर्मचारी उपस्थित थे.


### जाहिर सूचना

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप-तहसील शाहगंज, तहसील बुदनी, जिला सीहोर**

क्र/216/ रीडर/26 शाहगंज दि.16.07.2026

प्रति,

श्री बब्लू पिता धनराज, गुड्डु पिता धनराज
पता -डोबी तहसील बुदनी, जिला सीहोर
न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील
शाहगंज, तहसील बुदनी, जिला सीहोर
राजस्व मामला क्रमांक 0134/अ-6/2026-27

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डोबी तहसील बुदनी जिला सीहोर में स्थित भूमि खसरा नंबर 144/5/1 रकबा 0.3430 हे., खसरा नंबर 64/2 रकबा 0. 7120 हे. खसरा नंबर 63/2 रकबा 0.3910 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में सहखातेदार के रूप में बब्लू नाबालिग पिता धनराज, गुड्डु नाबालिग पिता धनराज, नारायण पिता धनराज, तेजराम पिता धनराज, उर्मिला पिता धनराज के नाम पर दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि के नाबालिग सहखातेदार बब्लू नाबालिग पिता धनराज, गुड्डु नाबालिग पिता धनराज के नाबालिग से बालिग करने के राजस्व अभिलेख में करने संबंध में आवेदन इस न्यायालय में दिया गया है। जिसमें राधारमन साहू पिता धनराज साहू की अंकसूची प्रस्तुत की है जिसके अनुसार जन्म दिनांक 08/04/1980 है जिसे बब्लू की होना उल्लेखित किया है। इसी प्रकार राजेश कुमार की अंकसूची प्रस्तुत की है जिसमें जन्म दिनांक 01/03/1986 है जिसे गुड्डु की होना बताया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को नाबालिग से बालिग किये जाने में कोई भी आपत्ति हो तो इस न्यायालय में जाहिर सूचना प्रकाशित होने से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता है।

**नायब तहसीलदार**
**उप तहसील शाहगंज**